RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 09 अगस्त 2022 | वर्ष 04 | अंक 99 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई में बाल ठाकरे का लगाया हुआ पेड़ भारी बारिश के कारण गिर गया



**मुंबई :** मध्य मुंबई के शिवाजी पार्क मैदान में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे द्वारा लगाया गया गुलमोहर का पेड़ सोमवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण गिर गया। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वर्ष 2012 में ठाकरे की मृत्यु के बाद, पेड़ के पास एक स्मारक बनाया गया था। अधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हवा की गति तेज रही है और सुबह में स्मारक के विपरीत दिशा में पेड़ गिर गया। मुंबई की पूर्व महापौर और शिवसेना नेता किशोरी पेडनेकर ने कहा कि पेड़ शिवसेना संस्थापक ने लगाया था और पार्टी चाहती है कि इसे उसी स्थान पर फिर से लगा दिया जाए।

## शिवसेना सांसद संजय राउत को फिर झटका...!

### कोर्ट ने न्यायिक हिरासत 22 अगस्त तक बढ़ाई

**मुंबई :** शिवसेना सांसद संजय राउत को सोमवार को भी कोर्ट से राहत नहीं मिली। न्यायालय ने उनकी हिरासत को 22 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। खास बात है कि पात्रा चॉल मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच का सामना कर रहे राउत को बीते रविवार को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने तीसरी बार उन्हें हिरासत में भेजा है।

कोर्ट ने राउत की हिरासत को 8 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया था। साथ ही कोर्ट ने यह भी पाया था कि एजेंसी ने जांच में खासी ह्यप्रगतिह्न की है। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउत की जांच कर रही है। शनिवार को उनकी पत्नी वर्षा भी पूछताछ के लिए जांच एजेंसी के सामने पेश हुई थीं। ईडी ने



शनिवार को करीब 9 घंटों तक उनसे पूछताछ की थी।

ईडी ने बताया कि जांच के दौरान मिले दस्तावेज दिखाते हैं कि राउत की तरफ से अलीबाग में खरीदी गई संपत्तियों में नकदी का बड़ा लेनदेन भी शामिल था। जांच एजेंसी ने दावा किया है कि राउत की पत्नी के बैंक खाते में 1.08 करोड़ रुपये मिले हैं।

ईडी ने बताया कि जांच के दौरान मिले दस्तावेज दिखाते हैं कि राउत की तरफ से अलीबाग में खरीदी गई संपत्तियों में नकदी का बड़ा लेनदेन भी शामिल था। जांच एजेंसी ने दावा किया है कि राउत की पत्नी के बैंक खाते में 1.08 करोड़ रुपये मिले हैं।

## NCB की छापेमारी...!

### 88 किलो गांज और पांच किलो मेफेड्रोन जब्त, जुड़े इंटरनेशनल तार...



मुंबई की एनसीबी जोनल यूनिट एक बार फिर से सक्रिय हो गई है. पिछले 6 दिनों में एनसीबी ने 3 ऑपरेशन चलाकर 4.950 किलोग्राम मेथाक्वालोन, 870 ग्राम उच्च ग्रेड बड (हाइड्रोपोनिक वीड), 88 किलोग्राम अच्छी क्वालिटी का गांजा, 2 वाहन सहित 3 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है. एनसीबी की यह कार्रवाई मुंबई में सक्रिय बड़े सिंडीकेट्स को तितर-बितर करने में सहायता करेगा. मुंबई की एनसीबी जोनल यूनिट अंतर्राज्यीय और कूरियर आधारित मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए लगातार कोसिश कर रही है. एनसीबी ने बीते दिनों एक के बाद एक छापेमारी करके मादर पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों की कमर तोड़ दी है, जिसकी वजह से क्षेत्र में सक्रिय सिंडीकेट्स को अलग-थलग कर दिया गया है.

**अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी...!**

एनसीबी ने पहली छापेमीरी 2 अगस्त को की, जिसमें एक कूरियर पार्सल से 870 ग्राम हाइड्रोपोनिक जब्त किया गया था. या पार्सल अमेरिका से नागपुर स्थित रिसीवर को भेजा गया था. वहीं दूसरी कार्रवाई 5 अगस्त को की गई थी, जिसमें एक डीएचएल एक्सप्रेस कूरियर पार्सल से 4.950 किलोग्राम मेथाक्वालोन जब्त किया गया, जो न्यूजीलैंड के लिए जाने वाला था. ये पार्सल नागपुर से बुक किया गया था. दोनों केसों में नागपुर एक कॉमन लिंक था इसलिए एनसीबी की टीमों को फैरन वहां रवाना कर दिया गया. अब एनसीबी विभिन्न पहलुओं की जामच कर अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल सिंडिकेट की पहचान के सिए पूछताछ कर रही है. वहीं तीसरी छापेमारी रविवार यानी 7 अगस्त को की गई, जिसें एनसीबी ने रायगढ़ जिले में रात में कार्रवाई करते हुए अंतर-राज्यीय मादक पदार्थों की तस्करी सिंडिकेट का पटार्फाश किया. दरअसल एनसीबी को जानकारी मिली कि एक सक्रिय ड्रग सिंडिकेट एक ट्रक में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला है. जानकारी के आधार पर एनसीबी ने जाम बिछाकर रास्ते में ही ट्रक को रोक लिया. जब ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की गई तो वो संतोषजनक जवाब नहीं दे सका. इसपर एनसीबी ने ट्रक की तलाशी ली तो 88 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला गांजा बरामद किया गया.

## 150 रुपये में कर सकेंगे पूरे मुंबई का सफर!

### BEST ने शुरू की है ये खास सर्विस



**मुंबई :** बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग ने मुंबई आने वाले पर्यटकों के लिए खास एसी बस की सुविधा शुरू की है। गौरतलब है कि बेस्ट ने 8 अगस्त से एक नई हॉप ऑन-हॉप ऑफ (हो-हो) एसी बस सेवा शुरू करने एलान किया था। बेस्ट की एक प्रेस रिलीज के मुताबिक, इन बसों की डेली सर्विस प्रतिष्ठित छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसटीएम) से शुरू होगी और प्रति व्यक्ति 150 रुपये टिकट होगा। बेस्ट ने अपनी 75 वीं वर्षगांठ मनाई थी। इस दौरान कहा गया कि नई हॉप ऑन-हॉप ऑफ (हो-हो) एसी बस सेवा म्यूजियम, गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव, बाबुलनाथ, पेडर रोड, हाजी अली, रेस कोर्स, धोबी घाट (महालक्ष्मी स्टेशन के पास) और रानी बाग से होकर गुजरेगी। बता दें कि ये सुविधा सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक पर्यटकों के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से हर एक घंटे में चलाई जाएगी। इस बस का पर्यटक शुल्क 150/- रुपए प्रति व्यक्ति तय की गई है। बेस्ट ने पर्यटकों को मुंबई की सैर कराने के लिए लंदन की तर्ज पर 'होप ऑन-होप ऑफ' बस सेवा शुरू की थी। इस बस सेवा को अच्छा प्रतिक्रिया मिलने के बाद दोबारा इसे शुरू किया गया है।

## प्लास्टिक को लेकर KDMC प्रशासन हुआ सख्त

**कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका प्रशासन प्रतिबंधित प्लास्टिक के इस्तेमाल को लेकर सख्त हो गया हैं। संबंधित विभाग के उपायुक्त अतुल पाटिल की अध्यक्षता में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जन जागरूकता के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक को यूज नहीं करने का संकल्प लिया गया। इस बैठक में महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी कुलकर्णी और उनके सहयोगियों, कल्याण-डोंबिवली ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, प्रतिनिधि, हॉकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और प्रतिनिधि, होटल प्रोफेशनल्स एसोसिएशन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, महिला स्वयं सहायता समूहों



और अन्य संगठनों के साथ-साथ नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के अधिकारी, उप मुख्य स्वच्छता अधिकारी, सभी संभागों के स्वच्छता निरीक्षक, मुकादम आदि भी उपस्थित थे। 1 जुलाई 2022 से केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार के आदेश के अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में महानगरपालिका प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। जिसके तहत पहली बार 5000 रुपए का जुर्माना, दूसरी बार 10,000 रुपए का जुर्माना, तीसरी बार 25,000 रुपए का जुर्माना लिया जाता हैं।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# भारी बारिश की चेतावनी...!

मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के कई हिस्सों के लिए अगले पांच दिन तक भारी से अत्यंत भारी बारिश होने की चेतावनी देते हुए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यहां क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने गढ़चिरौली, चंद्रपुर और गोंडिया के विभिन्न हिस्सों में सोमवार एवं मंगलवार को मूसलाधार बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है. अधिकारी ने कहा कि विदर्भ के गोंडिया, वर्धा, वाशिम एवं यवतमाल जिलों में एक या दो स्थानों पर सोमवार से बुधवार तक भारी से अत्यंत भारी बारिश होने की संभावना है और इस संबंध में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

उन्होंने बताया कि अगले पांच दिनों तक नागपुर, भंडारा, अकोला, बुल्ढाणा, वाशिम, अमरावती, यवतमाल, वर्धा जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं और बिजली गिरने की घटनाएं हो सकती हैं. अपराह्न एक बजे जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, नागपुर और भंडारा में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. इसके अनुसार, अकोला, वाशिम में कई जगहों पर, यवतमाल और अमरावती में कुछ स्थानों पर तथा भंडारा, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, नागपुर एवं वर्धा जिलों में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में नागपुर में 108.7 मिलीमीटर, वर्धा में 100.4 मिलीमीटर, गढ़चिरौली में 83.4 मिलीमीटर और यवतमाल में 61 मिलीमीटर वर्षा हुई.

दक्षिण पश्चिमी मानसून दो हफ्ते के अंतराल के बाद महाराष्ट्र में एक बार फिर सक्रिय हो गया है. इस बार यह दक्षिणी कोंकण में भारी बारिश लेकर आया है।.भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी. आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, राज्य के तटीय जिलों, मुख्य रूप से सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी के कुछ हिस्सों में सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 24 घंटों के दौरान 200 मिमी. से अधिक बारिश हुई. स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में संपर्क मार्गों के जलमग्न होने के कारण कई गांवों और बस्तियों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है. उन्होंने कहा कि दोनों जिलों में कई नदियां उफान पर हैं और पानी खेतों में घुस गया है तथा इससे रिहायशी इलाकों में घर भी प्रभावित हुए हैं.

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मॉर्निंग पर गई डॉक्टर, हो गई मरीज की मौत...

## महाराष्ट्र के जालना से आया चौंकाने वाला मामला

**जालनाः** डॉक्टर के हाथों में मरीज की जिंदगी होती है। एक मरीज डॉक्टर के भरोसे ही अपना जीवन सौंप देता है। लेकिन, जब डॉक्टर ही लॉपरवाही करें तो मरीज के जीवन को कौन बचा पाएगा? डॉक्टर की लापरवाही ने एक मरीज की जान ले ली। मामला महाराष्ट्र के जालना शहर का है। यहां के निजी अस्पताल में बच्चे के जन्म के बाद 26 वर्षीय महिला की मौत के मामले में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टरों की समिति ने भी महिला डॉक्टर के खिलाफ आरोप सही पाया और लापरवाही के दोषी ठहराए



जाने का मामला दर्ज कर लिया है।


राजकीय अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद के सीनियर डॉक्टरों की कमिटी की रिपोर्ट के हवाले से एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि डॉक्टर महिला रोगी को अनुभवहीन नर्सों के हवाले छोड़कर मॉर्निंग वॉक पर चली गई। महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। बच्चे के जन्म के बाद महिला के शरीर में खून की काफी कमी हो गई। इसके बाद भी डॉक्टर अनुभवहीन नर्सों के हवाले मरीज को कर मॉर्निंग वॉक पर चली गई।

मरीज या उसके परिजनों को खून की जरूरत के बारे में न तो डॉक्टर ने बताया और न ही नर्सों ने। खून की काफी कमी होने के कारण महिला की जान चली गई। घटना 13 जुलाई की है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर मरीज की अनदेखी का आरोप लगाया। महिला के पति ने सरकारी जिला अस्पताल में शिकायत दर्ज कराकर अपनी पत्नी की मौत की जांच की मांग की।

पति की शिकायत के आधार पर जीएमसीएच कमिटी के पास मामले को रेफर किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में स्त्री रोग विशेषज्ञ के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 के तहत लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# रणवीर सिंह की विवादित फोटोज पर अब बोलीं ट्विंकल खन्ना, शोर मचाने वालों का ऐसे बंद किया मुंह





बॉलीवुड में अपने बेबाक बयानों से सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली पूर्व अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने एक लंबी पोस्ट लिखी है. उन्होंने ये पोस्ट अभिनेता रणवीर सिंह के समर्थन में लिखी है. पिछले दिनों अभिनेता ने न्यूड फोटोशूट करवाया था जिसपर जमकर हंगामा हुआ. विवाद बढ़ जाने के बाद कुछ सेलिब्रिटीज ने रणवीर का सपोर्ट किया था. अब ट्विंकल भी रणवीर के सपोर्ट में उकर आईं. हालांकि अभिनेत्री ने मामला ठंडा हो जाने के बाद इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि रणवीर की तस्वीरें अंडर एक्सपोज्ड है और दूरबीन से देखने या जूम करके देखने के बावजूद उन्हें कुछ भी नजर नहीं आया.

ट्विंकल खन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट लिखा है. उन्होंने दुनिया में न्यूडिटी और नग्न तस्वीरों के इतिहास के विषय में बताया. एक्ट्रेस ने लिखा, ह्लदुनिया में पहली न्यडिस्ट कॉलोनी कथित तौर पर 1891 में ठाणे में स्थित थी, नेकेड ट्रस्ट की फैलोशिप में वहां कपड़ों की अनुमति नहीं थी, हालांकि वहां लोग अपने चश्मे पहन सकते थे. ऐसे ही न्यूड फोटोज का अनुसरण करते हुए, हमारे रणवीर सिंह ने कुछ न्यूड फोटोज खिंचवाई हैं. उनकी ये तस्वीरें काफी चर्चा में रहीं.

# शाहरुख खान ने ली चुटकी...

## इस शख्स के सामने पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर की भी हो जाती है बोलती बंद,

बॉलीवुड इंडस्ट्री के किंग खान यानी शाहरुख खान अपनी आने वाली फिल्मों की वजह से खबरों में छाए हुए हैं. अभिनेता एक साथ कई बड़ी बजट वाली फिल्मों में दिखाई देने वाले हैं. इन सबके बीच शाहरुख खान का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें शाहरुख खान मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे के साथ मस्ता करते दिख रहे है. इतना ही नहीं एक्टर पूर्व पुलिस कमिश्नर की कहानी पर एक्ट करते भी दिखाई दिए. दरअसल शाहरुख खान ह्यउमंग 2022ह्न के इवेंट में पहुंचे थे. ये वायरल वीडियो उसी इवेंट का एक हिस्सा है. यह इवेंट हर साल मुंबई में होता है. वीडियो में आप देख सकतें हैं कि शाहरुख खान स्टेज पर भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के साथ खड़े हैं और बातचीत कर रहे हैं. इस मौके पर हर्ष शाहरुख खान से मुंबई के पूर्व



पुलिस कमिश्नर संजय पांडे के बारे में कहते हैं कि देखिए ह्यह्लवह कितनी शान से वह बैठे हुए हैं. मुझे यकीन है कि कोई भी उनकी बात नहीं टालता होगा. पूरी मुंबई उनकी बात मानती है. '' हर्ष की इस बात का जवाब देते हुए शाहरुख ने कुछ ऐसा कहा जिसे सुनकर वहां बैठे सभी लोग हंसने लगे. एक्टर ने कहा कि ह्यह्लमुंबई पुलिस का कमिश्नर होना पूरे देश में बड़ी बात है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हर जगह उनकी बात मानी जाती है. एक शख्सियत ऐसी है, जिनके आगे वह भी यस बॉस करते हैं, और वह उनकी वाइफ हैं.

# मुंबई में सिलिंडर फटने से झुग्गियों में आग, रे रोड पर बड़ी संख्या में पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियां

**मुंबईः** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की झुग्गियों में एक बार फिर आग का तांडव देखने को मिला। रे रोड की झुग्गियों में रविवार की देर शाम आग लग गई। घंटों की मशक्कत के बाद उस पर काबू पाया जा सका। झुग्गी में सिलिंडर फटने से आग लगने का मामला सामने आया। आग तेजी से फैली और कई झुग्गियों को इसने अपनी चपेट में ले लिया। शनिवार को मुंबई के शिवड़ी इलाके में आग लगी थी। इस प्रकार दो दिनों में दो स्थानों पर आगलगी की घटना ने बड़े पैमाने पर क्षति पहुंचाई है। मिल रही जानकार के मुताबिक, मुंबई के रे रोड इलाके की झुग्गियों में रविवार रात कथित तौर पर सिलेंडर फटने से आग लग गई। आग इतनी



भीषण थी कि लपटें पूरी झुग्गी में फैल रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए।फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, आग की इस भीषण घटना से झुग्गियों में रहने वाले लोगों में डर का माहौल है। आग पर काबू पाने के लिए मुंबई पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। देर रात चले ऑपरेशन के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

दक्षिण मुंबई के शिवड़ी इलाके में शनिवार को झुग्गियों में आग लग गई। आग पर काबू पाने के दौरान एक दमकलकर्मी झुलस गया है। नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन झुग्गियों में रहने वाले लोग सुरक्षित हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आग अपराह्न लगभग एक बजकर 15 मिनट पर लगी और यह मुख्य रूप से बिजली के तारों और अन्य उपकरणों तक ही सीमित रही। इस दुर्घटना में करीब 20 झुग्गियां जल गई हैं।



# जोरदार बारिश, ५ दिनों का 'बदरा अलट' जारी...!



**मुंबई :** मुंबई समेत राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कल जोरदार बारिश शुरू हो गई। इसके चलते कई स्थानों पर जन-जीवन प्रभावित हुआ। इसी बीच मौसम वैज्ञानिकों ने ५ दिनों का ह्यबदरा अलर्टह्न जारी किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ७ से ११ अगस्त के बीच कोकण और मध्य महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से कम दबाव का क्षेत्र तैयार हुआ है, जिसके बादलों में रूपांतरित होने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए ८ से १० अगस्त के बीच ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

बंगाल की खाड़ी पर तैयार कम दबाव का क्षेत्र अगले ४८ घंटों में बढ़ेगा। ऐसे में राज्य में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मुंबई में ८, ९ और १० अगस्त तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने तीन दिन १०० मिमी से अधिक बरसात होने का अनुमान लगाया है। फिलहाल इस समय कोकण में मूसलाधार बारिश हो रही है। इसके अलावा कई क्षेत्रों में नदी और नालों में बाढ़ आ गई है। साथ ही रत्नागिरी जिले में वाहनों के आवागमन पर बड़ा असर पड़ा है। तहसील में भारी बारिश से अनेक घरों में पानी घुस गया है। महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश की पृष्ठभूमि पर भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने परिस्थिति की समीक्षा की।

# IMF के द्वार पहुंची बांग्लादेश सरकार

## मुल्क में बड़े आर्थिक संकट की आहट...

श्रीलंका के बाद पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ आर्थिक संकट की आहट है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ईंधन की कीमतों में 51 फीसदी की बढ़ोतरी कर इसका संकेत दे दिया है कि यहां सबकुछ ठीक नहीं है। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में देश पर कुल 13,114 करोड़ डॉलर से अधिक का कर्ज था। रिपोर्ट की मानें तो बीते तीन वर्षों में हर साल 1645 करोड़ डॉलर का कर्ज सरकार पर बढ़ा है। पहले से कर्ज में डूबी बांग्लादेश सरकार ने आर्थिक मदद के लिए विश्व बैंक, एशियन डेवलपमेंट



बैंक (एडीबी) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष(आईएमएफ) का दरवाजा खटखटाया है। शेख हसीना सरकार ने विश्व बैंक और एडीबी से 100-100 करोड़ डॉलर का कर्ज मांगा है। वहीं आईएमएफ से 450 करोड़ डॉलर कर्ज मांगा है। आईएमएफ बांग्लादेश की मदद को राजी हो गया है लेकिन वो कितना पैसा देगा ये स्पष्ट नहीं किया है।

सरकार के अनुसार दो साल में पहली बार विदेशी मुद्रा भंडार घटकर चार हजार करोड़ डॉलर से नीचे चला गया है। पिछले साल ये 4800 करोड़ डॉलर था। वर्ष 2021-22 में निर्यात से होने वाली आय में भी 5208 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ है।

अर्थशास्त्री देबप्रिय भट्टाचार्य के अनुसार 2020-21 में बांग्लादेश का जीडीपी अनुपात 9.4 फीसदी था। ये दर दक्षिण एशियाई देशों की तुलना में सबसे कम थी। 16.4 करोड़ की आबादी वाले देश में कुल 74 लाख करदाता है। इसमें से सिर्फ 23 लाख लोगों ने ही अपना कर जमा किया है। भट्टाचार्य के अनुसार 20 मेगा प्रोजेक्ट अर्थव्यवस्था की गले की फांस बनने वाले हैं। ये सभी प्रोजेक्ट जापान, रूस और चीन के हैं जिनकी लागत 4300 करोड़ डॉलर आंकी गई है। 2024 से 2026 के बीच इनके भुगतान का समय होगा जो बांगलादेश के लिए बड़ी मुश्किल हो सकती है।

# २०० कर्मचारियों के परिवारों को ५० लाख रुपए की मदद



**मुंबई :** कोरोना से शुरू लड़ाई में मुंबईकरों की जान बचाने के लिए २४ घंटे मुस्तैदी से काम करते हुए जान गंवानेवाले २०० कर्मचारियों के परिवारों की मनपा ने ५० लाख रुपए की मदद की है, इसके साथ ही १६० लोगों को मनपा सेवा में नौकरी भी दी गई है। बता दें कि मनपा की इस लड़ाई में अब तक २७० कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। ऐसे में कहा जा रहा है कि कोरोना भले ही लोगों को मार रहा हो, लेकिन मनपा तारने (उद्धार) का काम कर रही है। मार्च २०२० से अब तक मुंबई कोरोना की तीन लहरों को झेल चुकी है। मनपा और राज्य सरकार की सफल योजना के चलते मुंबई जैसे घनी आबादी वाले शहर में तीनों लहरों को सफलतापूर्वक काबू में किया गया। कोरोना के शुरूआती दिनों में लोगों में दहशत का माहौल था। मनपा के लगभग १ लाख १० हजार नियमित और २५ से ३० हजार ठेका कर्मचारी इस लड़ाई में चौबीसों घंटे अपना योगदान दे रहे थे। इस बीच कई कर्मचारियों की मौत हो गई। मरनेवाले कुल २७० कर्मचारियों में से मनपा ने १७७ मृतक कर्मचारियों के परिवारों को ५० लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसी तरह २३ लोगों को केंद्र सरकार के माध्यम से ५० लाख की सहायता प्रदान की गई। सभी मृतक कर्मचारी जिनके वारिस अवयस्क हैं, उन्हें १८ वर्ष की आयु पूर्ण होने पर रोजगार दिया जाएगा, वहीं मृतक के परिवार से किसी एक को मनपा में रोजगार का लाभ दिया जा रहा है।

# सरीपुत नगर से मरोल नाका तक के ३ किमी रूट पर भूमिगत मेट्रो

मुंबई, मुंबई की बहुप्रतीक्षित मेट्रो परियोजनाओं में से एक अंडर ग्राउंड मेट्रो का ट्रायल ट्रैक तैयार हो चुका है। अब बस ३ किमी के इस ट्रैक पर हाल ही में आए ८ डिब्बों वाले भूमिगत मेट्रो के डिब्बे दौड़ेंगे। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने मेट्रो के ट्रायल रन के रूट पर डाउन लाइन दिशा में ओवर हेड वायर चार्ज करने की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है। कल कॉरिडोर के सरीपुत नगर से मरोल नाका तक के ३ किमी रूट पर २५केवी बिजली की सप्लाई की गई।

ट्रायल रन शुरू करने के लिए आंध्रप्रदेश के श्रीसिटी से सड़क मार्ग से मेट्रो के ८ डिब्बों की रेक मुंबई पहुंच चुकी है। मौजूदा समय में मेट्रो के डिब्बों को जोड़ने का काम चल रहा है। पूरे



रूट पर काम पूरा नहीं होने की वजह से एमएमआरसीएल ने ट्रायल ट्रैक के ३ किमी रूट पर मेट्रो को दौड़ाने का निर्णय लिया है। सरीपुत नगर से मरोल नाका के बीच ट्रायल रन की शुरूआत होगी। ट्रायल रन शुरू करने के लिए ३ किमी के रूट पर उपकरण लगाने का काम करीब पूरा कर लिया गया है। रविवार से इस रूट के डाउन लाइन पर बिजली की आपूर्ति भी शुरू हो गई है। आगामी कुछ दिन में अप लाइन पर भी बिजली की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार एमएमआरसीएल १५ अगस्त को मेट्रो रेक की पहली झलक जनता को दिखा सकती है। इसके लिए पहले चरण के तहत मुंबई पहुंचे मेट्रो के ४ डिब्बों की असेंबलिंग का काम तेजी से किया जा सकता है।

# मेट्रो-४ की सुस्त चाल! चार साल में हुआ सिर्फ ४० फीसदी काम

**मुंबई :** वडाला-कासारवडवली-गायमुख मेट्रो- ४ परियोजना बड़ी ही सुस्त चाल चल रही है। ३५.२५ किमी लंबे कॉरिडोर का निर्माण कार्य चार साल के बाद सिर्फ ४० फीसदी ही हो पाया है। इस परियोजना की डेडलाइन साल २०२२ रखी गई थी परंतु इस परियोजना के निर्माण कार्य को लेकर हो रही देरी के चलते दो साल और इस परियोजना की डेडलाइन बढ़ा दी गई है। इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य अब साल २०२४ रखा गया है।



वर्ष २०१८ से मेट्रो-४ और २०१९ से मेट्रो ४ ए कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। दोनों कॉरिडोर का निर्माण कार्य २०२२ के करीब पूरा होना था लेकिन एमएमआरडीए द्वारा नियुक्त एक कॉन्ट्रैक्टर द्वारा तय समय में काम पूरा नहीं होने की वजह से इस कॉरिडोर का काम अधर में अटक गया। इस परियोजना के पहले चरण के अंतर्गत १८ किमी निर्माण कार्य में से पूर्व ठेकेदार ने तीन साल से अधिक समय में मई २०२२ तक महज २५ फीसदी ही काम पूरा किया था। हालांकि इस परियोजना के लिए नया ठेकेदार कुछ महीने पहले नियुक्त किए जाने के बाद अब तक चार साल में महज ४० फीसदी ही काम पूरा हो पाया है। मेट्रो-४ कॉरिडोर पर कुल १४,५४९ करोड़ रुपए और मेट्रो-४ ए कॉरिडोर पर कुल ९४९ करोड़ रुपए एमएमआरडीए खर्च कर रही है। पूरे कॉरिडोर पर कुल ३२ स्टेशन होंगे। एमएमआरडीए ने मेट्रो-४ को मेट्रो की पांच अन्य लाइनों से कनेक्ट करने की योजना बनाई है। इसके तहत भक्ति पार्क स्थित मेट्रो लाइन-११ और मोनो रेल स्टेशन, कुर्ला ईस्टर्न एक्सप्रेस हाई-वे मेट्रो २बी, गांधी नगर मेट्रो लाइन-६, कापुरबावड़ी मेट्रो लाइन-५ और गायमुख मेट्रो लाइन-१० से मेट्रो ४ को जोड़ा जाएगा।

इस कॉरिडोर के माध्यम से सरकार की मेट्रो के जरिए मुंबई को ठाणे से कनेक्ट करनी की योजना है। साथ ही मेट्रो-४ को मौजूदा समय में चल रही मेट्रो-१ से भी जोड़ा जाएगा।

# सैटिस पुल का ५४ फीसदी काम पूरा


**ठाणे :** ठाणे-पूर्व में सैटिस पुल के कार्य ने अब रफ्तार पकड़ ली है। मनपा का दावा है कि ५४ फीसदी काम पूरा हो चुका है। मनपा द्वारा ठाणे सैटिस का कार्य तेज कर दिया गया है। मनपा अधिकारियों के मुताबिक मनपा का उद्देश्य है कि ठाणे सैटिस पूर्व परियोजना का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो और नागरिक इसका लाभ उठा सकें इसलिए कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस पुल का कार्य दिसंबर २०२३ तक पूर्ण कर लिया जाएगा। बता दें कि ठाणे (पूर्व) की यातायात जाम की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से ठाणे (पूर्व) में सैटिस



पुल का निर्माण स्मार्ट सिटी के तहत किया जा रहा है। सैटिस के अंतर्गत १४ बस स्टॉप के साथ ६ मीटर ऊंचा डेक होगा। साथ ही बसों के लिए ७,००० वर्गमीटर का टर्मिनल बनाया जाएगा। स्टेशन के पूर्व की ओर ११ हजार १०० वर्गमीटर जगह है, जिसमें से १० हजार वर्गमीटर की जगह रेलवे की है, जबकि १,१०० वर्ग मीटर की जगह पर सड़क है।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 09 अगस्त 2022





## शिंदे ने सभी दौरे रद्द किए, सचिवालय कर्मियों की भी छुट्टी कैंसिल

# 14 मंत्रियों को दिलाई जा सकती है शपथ !

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र में उप एकनाथ शिंदे के शपथ ग्रहण के 39 दिन बाद यानी मंगलवार को मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। इसकी तैयारियों की सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट विस्तार को देखते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अपने सभी दौरे रद्द कर दिए हैं। वे नांदेड और हिंगोली जाने वाले थे। वहीं सचिवालय कर्मचारियों की मुहर्रम की छुट्टी भी कैंसिल कर दी गई है।

बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल में कुल 14 मंत्री शामिल होंगे। इनमें भाजपा और शिंदे गुट से 7-7 मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी है। एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने 30 जून को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

**कैबिनेट विस्तार को दिल्ली हाईकमान से मंजूरी**

कैबिनेट विस्तार को लेकर सोमवार को शिंदे और फडणवीस के बीच बैठक हुई। दिल्ली हाईकमान से भी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। कुल मिलाकर नए मंत्रिमंडल को लेकर सब कुछ फाइनल हो चुका है। भाजपा खेमे से सुधीर मुनगंटीवार, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। वहीं शिंदे खेमे से गुलाब राव पाटिल, सदा सावरकर, दीपक केसरकर को मौका दिया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को गृह विभाग दिया जा सकता है।



**बुधवार से विधानसभा का मानसून सत्र**

महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र 10 से 18 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। विधानमंडल सचिवालय ने मानसून सत्र से पहले की तैयारियों के लिए छुट्टियां कैंसिल कर दी हैं। सचिवालय की ओर से सोमवार को जारी एक आदेश के मुताबिक, 9 से 18 अगस्त के बीच कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उन्हें कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है।

## शिवसेना किसकी पर सुनवाई 12 अगस्त को...

शिवसेना पर अधिकार और 16 बागी विधायकों की अयोग्यता के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज होने वाली सुनवाई टल गई है। अब इस मामले पर 12 अगस्त को सुनवाई होगी। इस मामले को 5 जजों की बेंच को सौंपना चाहिए या नहीं? इसे लेकर भी दलीलें सुनी जाएंगी। चार दिन पहले पिछली सुनवाई पर उखड़ने चुनाव आयोग के वकील से कहा था कि दोनों पक्ष चुनाव आयोग में सोमवार यानी आज हलफनामा दे सकते हैं। अगर कोई पक्ष समय की मांग करता है, तो आयोग उस पर विचार करे।

## आदित्य ठाकरे का निशाना...

### ‘नहीं पता महाराष्ट्र का असली मुख्यमंत्री कौन है’



**महाराष्ट्र :** शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार पर निशाना साधा. आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह समझना मुश्किल है कि सरकार में असली मुख्यमंत्री कौन है. आदित्य ठाकरे ने कहा, ''एक सवाल पूछा जाता है कि राज्य में निर्वाचित सरकार है या नहीं. लेकिन दो लोगों की जंबो कैबिनेट में यह नहीं समझा जा सकता कि असली मुख्यमंत्री कौन है.'' अपने निजी आवास 'मातोश्री' में पार्टी कार्यकर्ताओं से आदित्य ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में बागी विधायकों के खिलाफ शिवसेना की लड़ाई के मामले में आने वाले फैसले का असर न केवल पार्टी, बल्कि पूरे देश पर पड़ेगा.

शिंदे और फडणवीस ने 30 जून को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक महीने बाद महाराष्ट्र कैबिनेट का विस्तार मंगलवार को होने वाला है. उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार 29 जून को शिंदे और शिवसेना के 39 विधायकों की बगावत के बाद गिर गई थी. महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने हाल ही बयान दिया है कि एकनाथ शिंदे की सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी क्योंकि यह अवैध है. मुख्यमंत्री कभी-कभी दिल्ली से महाराष्ट्र आते हैं, जब भी मेरा दौरा होता है तो वह उस निर्वाचन क्षेत्र में जाते हैं तस्वीरें लेते हैं और वापस आ जाते हैं. आदित्य ठाकरे ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र की प्रगति को रोक दिया और उद्धव ठाकरे जैसे अच्छे आदमी को धोखा दिया है. इसके साथ ही आदित्य ठाकरे ने बागी विधायकों की आलोचना करते हुए कहा कि अगर वे असली शिवसेना कार्यकर्ता होते तो वे जमीन पर होते और असम प्रशासन की बाढ़ से निपटने में मदद करते न कि होटलों के कमरों में आनंद लेते.

## सलीम फ्रूट को NIA की गिरफ़्तारी से बचाने का कर रहा था दावा, क्राइम ब्रांच ने धर दबोचा

**मुंबई :** मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी एक्टोर्शन सेल ने विशाल देवराज सिंह उर्फ.विशाल काले नाम के शख़्स को गिरफ्तार किया है. विशाल काले को अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील के रिश्तेदार सलीम फ्रूट के मामले में गिरफ़्तार किया है. सूत्रों ने बताया कि विशाल ने सलीम फ्रूट से कहा था कि वो दिल्ली में बैठे एक बड़े मंत्री का नजदीकी है और उसने आश्वासन दिया था कि वो उसे(फ्रूट) NIA की जांच से बचाएगा जिसके लिए उसने फ्रूट से 50 लाख रुपए मांगे.


सूत्रों ने दावा किया है कि फ्रूट ने विशाल को 50 लाख रुपए दिए और



फिर उसने फ्रूट को आगे की डील के लिए दिल्ली भी बुलाया था. जिसके बाद फ्रूट को कुछ दिन तक दिल्ली में रहने को कहा गया और फिर उसने फ्रूट को कहा कि तुम यहां से मुंबई चले जाओ तुम्हें NIA अब गिरफ़्तार नहीं करेगी. इस बात की जानकारी NIA को मिली. एनआईए की नजर फ्रूट पर कई दिनों से थी जिसके बाद NIA ने फ्रूट के साथ-साथ विशाल को भी हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद फ्रूट को गिरफ़्तार कर किया और विशाल को मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया. एनआईए ने अपनी FIR में बताया कि दाऊद इब्राहिम ने भारत को दहलाने के लिए एक स्पेशल यूनिट बनाई है जिसने भारत के बड़े नेता और व्यापारियों को निशाना बनाने की तैयारी की है. ऐसा करके वो लोग देश की राजधानी दिल्ली और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत दूसरे शहरों में हिंसा फैलाना चाहता है. NIA ने ये मामला दाऊद इब्राहिम, अनिस इब्राहिम शेख, छोटा शकील, जावेद पटेल उर्फ.जावेद चिकना, टाइगर मेमन के खिलाफ दर्ज किया है.

## अपने देश के सैनिकों को न्यूड तस्वीरें-वीडियो भेज रहीं यूक्रेनी महिलाएं

महीनों से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध का निर्णय अभी तक नहीं निकल पाया है। लेकिन जबसे यह शुरू हुआ है तभी से तमाम प्रकार की कहानियां सामने आई हैं। इसी बीच एक और खबर निकलकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि यूक्रेन की महिलाएं अपने ही देश के सैनिकों को न्यूड तस्वीरें और वीडियोज भेज रही हैं। इतना ही नहीं यह सब प्लान के तहत हो रहा है। बताया गया कि ऐसा सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। दरअसल, रूस की ताकतवर सेना के खिलाफ लड़ने के लिए यूक्रेन सैनिकों का मनोबल बनाए रखने के लिए यह सब किया जा रहा है। 'द टाइम्स' ने अपनी एक रिपोर्ट में स्रोतों के हवाले से इस बात की पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन की महिलाएं रूसी सेना से लड़ रहे सैनिकों को प्रेरित करने के लिए अपनी सेक्सी तस्वीरें भेज रही हैं। इसके लिए बकायदा सोशल मीडिया



साइट टेलीग्राम पर एक चैनल बनाया गया है जहां महिलाओं की तस्वीरें शेयर की जा रही हैं।

अपनी एक रिपोर्ट में डेलीस्टार ने भी बताया है कि यूक्रेन की राजधानी कीव में बैठकर एक समूह द्वारा यह सब किया जा रहा है। उस ग्रुप में देश के कोने कोने से महिलाओं की ऐसी तस्वीरें और वीडियोज आ रहे हैं। इसके बाद उसे उठाकर सैनिकों के मोबाइल या अन्य उपकरणों में ट्रांसफर किए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह काफी समय से चल रहा है, जिसका खुलासा अब हुआ है। रिपोर्ट में एक केस स्टडी भी की गई है। इसमें कीव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि युद्ध के बीच फंसे एक देश में ये चीजें सेक्सुअलिटी और प्रेम को वापस लाती हैं। महिला ने कहा कि यह तब शुरू हुआ जब एक फौजी साथी ने मजाक में कहा कि लड़कियां आखिर सैनिकों को अपनी न्यूड तस्वीरें भेज कर सपोर्ट क्यों नहीं करतीं। यह उनका उत्साह बढ़ाएगा। इसके बाद इस आइडिया पर काम शुरू हो गया। हालांकि इसको लेकर यूक्रेन के अंदर ही मिलीजुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया . संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016. मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani